उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

संशोधित सूचना/विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025

(ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के सम्बन्ध में)

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02/2025 दिनांक–दिसम्बर 01 ,2025

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 17–11–2025 से आमंत्रित किये गये है।

2– उपरोक्त ऑनलाइन आवेदन पत्र के बिन्दुः 15–घोषणा के "**अतिरिक्त विवरण**' के उपबिन्दु–2 एवं 5, जो मा0 न्यायालय द्वारा दोषी ठहराये जाने एवं मा0 न्यायालय में आपराधिक मुकदमा विचाराधीन होने विषयक है, के कारण अभ्यर्थियों के आवेदन किये जाने में आ रहीं कठिनाईयों के दृष्टिगत आवेदन किये जाने हेतु आवेदन–पत्र में अपेक्षित संशोधन कर दिया गया है। यह भी सूच्य है कि आवेदन करने मात्र से अभ्यर्थी एनरोलमेंट हेतु पात्र नहीं हो जाता है, बल्कि उसे एनरोलमेंट की समसंख्यक विज्ञप्ति दिनांक 18–11–2025 के बिन्दु–2 "**पात्रता**" के अन्तर्गत शर्तो को यथासमय पूर्ण करना होगा।

3– अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से उक्त पद हेतु आवेदन कर सकते है।

4– होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट एवं आवेदन करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना/विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि अद्यतन स्थिति जानने हेतु नियमित तौर पर बोर्ड की उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

01.12.25

अपर सचिव (भर्ती)
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।